देश भक्ति विजयराघवगढ़ से बरही तक निकाली गई तिरंगा यात्रा, शामिल हुई ढाई हजार मोटर साईकिल

सबसे लंबी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजी सड़क

नवभारत, कटनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद विष्णुदत शर्मा के मार्गदर्शन में देशभक्ति के उत्सव, तिरंगे के सम्मान के लिए कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा में स्वतंत्रता दिवस पर विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में विजयराघवगढ़ से बरही तक 2500 से बाईकों पर प्रदेश की सबसे बड़ी 30 किलोमीटर की ऐतिहासिक बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्यक्ष गवाह विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले से प्रारंभ होकर बंजारी, हनतला, भिमपार, हंतला, सिनगौड़ी, सिजहरा, डोकरिया, खन्ना होते बरही नगर का भ्रमण कर मुख्य चौराहे पर सम्पन्न हुई । तिरंगा यात्रा का जगह,गांव-गांव पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भारत माता की जय का घोष कर स्वागत किया। करीब ढाई हजार वाहनों के साथ यात्रा जब विजयराघवगढ़ से बरही मार्ग पर चली तो इसके प्रारम्भ से अंतिम छोर को देखना मुश्किल था। सोशल मीडिया इन्फ्लूंसर ने इस पल को कहीं ड्रोन कैमरे से तो कहीं मोबाइल से कैद किया सैकड़ो लोग यात्रा को सोशल मीडिया में लाइव करते रहे लाखों लोग इसे देखते रहे। कतारबद्ध रूप से वाहनों का यह काफिला वाहनों पर तिरंगा बंधा तो हाथों में तिरंगा लहराते लोगों ने इस तिरंगा यात्रा में राष्ट्र प्रेम और अपने राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान और प्रेम का भाव प्रदर्शित किया। तिरंगा यात्रा की अग्रिम पंक्ति में संजय पाठक, पीछे देशभक्ति की बाढ़ यात्रा में संयुक्त कलेक्टर महेश मंडलोई पुलिस विभाग के थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रितेश शर्मा, बरही प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव सहित नगर परिषद अध्यक्ष पलक ग्रोवर, राजेश्वरी दुबे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शांति यादव सहित विधानसभा के सभी सात मंडलों के अध्यक्ष श्रीराम सोनी, भवानीराजा मिश्रा, जगदीश गुप्ता, विवेक सिंह, प्रमोद सोनी, मनोज तिवारी, अरुण पटेल अपने-अपने दल के साथ बाइकों पर सवार थे। बरही पहुंचने पर हजारों नागरिकों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। मंच से विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि यह तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। हम सबका कर्तव्य है कि इसके सम्मान में एकजुट रहें।

पत्थर पटककर गर्भवती पत्नी की हत्या

माधवनगर थाना क्षेत्र के जरवाही गांव में हुई वारदात, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत कटनी। माधवनगर थाने की निवार पुलिस चौकी क्षेत्र के जरवाही गांव में एक युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी के सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तारकर लिया है। पुलिस ने बताया कि जरवाही गांव निवासी कि रवि बर्मन ने अपनी शिवानी बर्मन की सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी है। बताया जा रहा है महिला 6 महीने की गर्भवती थी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

55 सीसी कोरेक्स सीरप सहित युवक गिरफ्तार

नवभारत कटनी। रीठी थाना अंतर्गत बायपास मेन रोड से पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को कोरेक्स सीरप सहित पकड़ा गया है। आरोपी युवक के पास से पुलिस ने 55 सीसी कोरेक्स सीरप जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 9 हजार 75 रूपए है। पुलिस ने बताया कि बायपास में वाहन चैकिंग के दौरान एक काले रंग की बिना नंबर की मोटर साइकिल सवार युवक को रोका गया। पुलिस को देखकर बाइक सवार घबरा गया। पुलिस ने युवक की मोटर साइकिल में रखे थैले की तलाशी ली तो उसके अंदर खाकी कार्टून मिला। कार्टून के अंदर कोरेक्स सीसी मिली है। पकड़ा गया आरोपी रीठी के भटवा मोहल्ला निवासी छोटू उर्फ दिनेश गर्ग है। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय सहित पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

अमित शुक्ला बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष

सौरभ सिंह को ग्रामीण क्षेत्र की सौंपी गई कमान

नवभारत, कटनी। कांग्रेस ने शनिवार को मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। कटनी जिले में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि बहोरीबंद विधानसभा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को ग्रामीण अध्यक्ष बनाया गया हैं। इस दौड़ में कटनी जिले के 50 से ज्यादा नेता शामिल थे, लेकिन दिल्ली से हुए फैसले ने सरप्राईज दे दिया। राहुल गांधी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नए नामों की ताजपोशी कर दी गई। कटनी में शहर कांग्रेस अध्यक्ष का पद पिछले सवा साल से रिक्त था। पार्टी ने शहर अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ग्रामीण अध्यक्ष भी बदल दिया। आज जारी हुई सूची बता रही है कि नियुक्ति में प्रदेश के नेताओं की भी नहीं चली।

बगैर देरी किए करें विवेचना, मजबूत पैरवी कर दिलाएं दोषियों को सजा

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने गुरुवार को जघन्य और चिन्हित अपराधों की बैठक में समीक्षा की। बैठक में ऐसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया जो लंबे समय से अनसुलझे हैं। बैठक में एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गंभीर आपराधिक मामलों का जल्द और प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवेचना में किसी प्रकार की देरी नहीं हो और दोषियों को जल्द से जल्द न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।



रानी आवंती बाई को दी श्रद्धांजलि

नवभारत, बाकल। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली, साहस और पराक्रम की प्रतिमूर्ति, 1857 की क्रांति की प्रणेता और रेवांचल मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर शनिवार को मोहाई और बाकल स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी क्षेत्रीय जनों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। ओबीसी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी , लक्ष्य शिक्षा और राहत कोष फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नारायण पटेल,किसान नेता विजय पटेल ने अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर ओबीसी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी, लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नारायण पटेल, किसान नेता विजय पटेल, गोविंद सिंह, अमान सिंह,रामदीन लोधी, बिहार बड़े, मनोज पटेल, गया प्रसाद, अनिमेष सिंह, रामकुमार, विनोद पटेल सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, मोटर साईकिल बरामद

नवभारत, कटनी। रीठी थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक को बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सौरभ सिंह गौड़ द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उसकी मोटर साइकिल रीठी स्टेडियम के पास से चोरी कर ली गई है। पुलिस ने सूचना पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इमलाज गांव निवासी एक युवक बिना नंबर की मोटर साइकिल को बेचने के लिए घूम रहा। जिसके बाद पुलिस टीम ने टहकारी गांव के पास से आरोपी युवक इमलाज गांव निवासी जुगल किशोर कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। मोटर साइकिल भी बरामद कर ली गई है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में की गई है।